# University in News on 15 May 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 07

### सम सेमेस्टर परीक्षा के कार्यक्रम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत बुधवार को स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा और ऑनलाइन पाठ्यक्रम के परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एमए एमआईएच रेगुलर, एग्जेम्पटेड, बैक पेपर और इम्प्रूवमेंट द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 मई से तीन जून, वेस्टर्न हिस्ट्री की 26 मई से छह जून, शिक्षाशास्त्र की दो से 12 जून, ड्राइंग एंड पेंटिंग की 28 मई से दो जून और एमए समाजशास्त्र की परीक्षा 28 मई से नौ जून तक आयोजित की जाएंगी। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 7

### एलयू में यूजी-पीजी समेत कईपरीक्षा कार्यक्रम जारी

- सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत एक दर्जन से ज्यादा कोर्स का शेड्यूल तय

**लखनऊ, संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा में स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा और ऑनलाइन पाठ्यक्रम के एक दर्जन से ज्यादा कार्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी एलयू की वेबसाइट के परीक्षा कॉलम में जाकर शेड्यूल विकल्प चुनकर देख सकते हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि एमए एमआईएच रेगुलर, एग्जेम्पटेड, बैक पेपर और इम्प्रूवमेंट द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 मई से तीन जून, वेस्टर्न हिस्ट्री की 26 मई से छह जून, शिक्षाशास्त्र की दो से 12 जून, ड्रॉइंग एंड पेंटिंग की 28 मई से दो जून और एमए समाजशास्त्र की 28 मई से नौ जून तक होंगी।

बीएलआईएसी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 मई से 11 जून और एमएलआईएसी द्वितीय की चार से नौ जून तक होगी। बीवोक रिन्यूबल एनर्जी द्वितीय, चतुर्थ व छठे सेमेस्टर की परीक्षा 20 मई से दो जून और एमएससी रिन्यूबल एनर्जी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की 27 मई से होंगी। ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 23 मई से होंगी।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि ने 12 जारी की पाठ्यक्रमों परीक्षाओं की समय सारिणी

**जासं • लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत 12 विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए। विद्यार्थी इसे लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इसकी सूचना जारी की है।

पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मई से तीन जून, बीएलआइएससी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 मई से 11 जून, एमएलआइएससी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं चार से नौ जून, एमए समाजशास्त्र दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 मई से नौ जून और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मई से पांच जून, एमए ड्राइंग एंड पेंटिंग की 28 मई से दो जून, इसके चौथे सेमेस्टर की 29 व 31 मई, एम.एससी रिन्यूबल एनर्जी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 मई से चार जून, चौथे सेमेस्टर की 28 मई से पांच जून तक होंगी। बीवाक रिन्यूबल एनर्जी दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षा 20 मई से दो जून, बीएलएड, एमएड और एमए एजुकेशन सम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से 12 जून, एमए वेस्टर्न हिस्ट्री की 26 मई से छह जून, एमए एमआइएच रेगुलर, एग्जम्टेड, बैक पेपर व इंप्रूवमेंट दूसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 मई से तीन जून तक आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा पीजी डिप्लोमा इन सोशल ड्यूटीज एंड ह्यूमन राइट्स और पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार की परीक्षाओं के लिए 10 से 16 जून तक समय सारिणी तय की गई है।



#### परीक्षा कार्यक्रम बदला

लवि ने लखनऊ यूनिवर्सिटी सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के अंतर्गत संचालित एम.काम प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। अभी तक यह परीक्षाएं 23 मई से पांच जून तक होनी थीं। अब 26 मई से शुरू होकर पांच जून तक चलेंगी।

## AMRIT VICHAR PAGE 07

### गिरमिटिया समाज को उनकी जड़ से जोड़ेगा लविवि

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व के भारतीयों पर लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग कार्यशाला का आयोजन 15 से 30 मई तक आयोजित करने जा रहा है। यह आयोजन भारतीय गिरमिटियावंशी डॉ. शारदानंद हरिनंदन सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यशाला की संकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मार्च को मॉरिमास स्थापना दिवस के अवसर पर अपने वक्तव्य में व्यक्त किया था। इसी संकल्पना को दृष्टिगत रखते हुए लविवि ने इस कार्यशाला का आयोजन किया है।